कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 02.07.2024

विषयः- छात्रा के ऑटो में छूटे बैग को थाना कैण्ट पुलिस टीम ने महज 02 घण्टे में सकुशल बरामद कर किया सुपुर्द।

सुश्री ज्योति सिंह पुत्री मनीष सिंह निवासिनी सैय्यदराजा जनपद चंदौली जो गुड़गांव में रहती हैं। आज दिनांक 02.07.2024 को हरहुआ में CPO-SI की फिजिकल परीक्षा देने आयी थी। फिजिकल परीक्षा देने के उपरान्त सिगरा के लिए ऑटो से रवाना हुई लेकिन ऑटो चालक द्वारा आगे न जाने की बात कहकर वाराणसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं0-10 के पास छोड़ दिया गया। वहां से टोटो के द्वारा सिगरा जाने के लिए छात्रा ने अपना बैग टोटो पर रखा, टोटो वाले की समझ आया कि छात्रा पीछे बैठ गयी है और ऑटो लेकर चल दिया। छात्रा ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिया। स्थानीय पुलिस तत्काल सक्रिय होते हुए सिगरा कमांड सेंटर के कैमरे की मदद से उस टोटो को देखा गया तथा फिर रजिस्ट्रेशन नम्बर के माध्यम से टोटो मालिक का नाम व पता खोजकर सम्पर्क कर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा उक्त छात्रा का बैग वापस दिलवाया गया जिसमें छात्रा सभी जरूरी कागजात, पैसे, किताबें व कपड़े सही सलामत थे। छात्रा द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना कैण्ट के उपनिरीक्षक आयुष पाण्डेय व का0 सचिन मिश्रा की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।